संसद सदस्यों ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 09 मई, 2018: संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय में राज्य मंत्री, श्री अर्जुन राम मेघवाल; संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री, श्री विजय गोयल; तथा पूर्व उप प्रधानमंत्री और लोक सभा की आचार समिति के सभापति, श्री लाल कृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में संसद सदस्यों ने आज गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

अनेक केन्द्रीय मंत्रियों; संसद सदस्यों; पूर्व संसद सदस्यों; और लोक सभा की महासचिव, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और राज्य सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के जीवनवृत्त वाली पुस्तिकाएं भेंट की गईं ।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 12 सितम्बर, 1958 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के चित्र का अनावरण किया था ।